खाना पकाने की गैस के व्यावसायिक कनेक्शन

1598. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली में खाना पकाने की गैस के व्यावसायिक कनेक्शनों के लिये इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड को प्राप्त हुये आवेदन-पत्रों की कुल संख्या कितनी है ;

(ख) क्या यह सच है कि वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर भारत होटल स्थित इंडियन आयल कारपोरेशन के क्षेत्रीय कार्यालय में प्रबन्धक (एल० पी० जी०) श्री ए० के० वत्स ने कोई कारण बताये बिना इन सभी आवेदन-पत्रों को रद्द कर दिया ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों अर्थात 1984, 1985 और 1986 के दौरान आई० ओ० सी० द्वारा वाणिज्यिक एल० पी० जी० कनेक्शनों के लिए कुल 1663 आवेदन प्राप्त हुए इनमें से अभी तक 1335 कनेक्शनों को जारी करने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) उपर्युक्त (ख) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा सिलेंडरों की विलम्ब से आपूर्ति

1599. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के पूर्वी क्षेत्र में खाना पकाने की गैस के वितरकों को इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा गैस के सिलेन्डरों की आपूर्ति समय से नहीं की जा रही है, हालांकि वितरकों द्वारा ड्राफ्ट समय से जमा करा दिये जाते हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस स्थिति में सुधार लाने के लिये सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) कार्यात्मक अड़चनों तथा इस क्षेत्र में कुछ भण्डारण गोदामों की अपर्याप्त क्षमता के कारण दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के पूर्वी भाग में आई० ओ० सी० द्वारा वितरकों को सिलिण्डरों की सप्लाई में कुछ रुकावटें आई हैं।

(ख) आई० ओ० सी० द्वारा कम क्षमता वाले गोदामों को थोड़ी-थोड़ी मात्रा में सप्लाई देने के प्रयास किये जा रहे हैं। वितरकों को सिलिण्डरों की शीघ्रता से सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए वितरकों और बटालिंग संयंत्रों के साथ निकट सम्बन्ध रखा जा रहा है।

LPG Facility to People Living in Urban Areas

1600. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government are aware that people living in urban areas have been benefited systematically in so far as the question of supply of cooking gas is concerned whereas the people living in the rural areas have been deprived of this facility;

(b) if so, whether Government have framed any scheme to give this facility to the people living in the rural areas particularly Scheduled Castes/ Scheduled Tribes and other weaker sections of Society; and

(c) if so, what are the details in this regard?